## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन पत्रों की वापसी की आज अन्तिम तिथि। दूसरे चरण में प्रदेश की आठ संसदीय सीटों पर होगा चुनाव।
- सोशल मीडिया पर ईवीएम गायब होने के दावे को निर्वाचन आयोग ने बताया गलत। कहा– एक भी ईवीएम गायब नही।
- आगरा एक्सप्रेस–वे की हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों के साथ मालवाहक विमान की भी सफल लैंडिंग का हुआ अभ्यास।
- चैत्र नवरात्र की शुरूआत कल से। अयोध्या में भव्यता से मनेगा रामनवमी का उत्सव।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की वापसी के लिये आज अन्तिम तिथि है। नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वालों की वास्तविक स्थिति सामने आयेगी। इसके पहले दूसरे चरण में दाखिल नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो चुका है। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिये एक सौ पचहत्तर प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किये गये थे। नामांकन पत्रों की जांच में चौरानबे प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये हैं जबकि इक्यासी प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हुए हैं। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिन आठ सीटों पर मतदान होगा उनमें पीलीभीत सीट का चुनाव भी काफी महत्वपूर्ण है। एक रिपोर्ट–

***पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इसमें चार विधानसभाएं पीलीभीत जनपद की पूरनपुर, बीसलपुर, बरखेड़ा और पीलीभीत शामिल है। वहीं एक विधानसभा बरेली जनपद की बहेडी भी इसमें शामिल है। भाजपा द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश के मौजूदा कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद को टिकट देने से पीलीभीत सीट महत्वपूर्ण हो गई है। जितेंद्र प्रसाद ऐसे नेता हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और नरसिम्हा राव के राजनीतिक सलाहकार तीन बार के सांसद और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता रहे कुंवर जितेंद्र प्रसाद उर्फ बाबा साहब के सुपुत्र हैं और पीलीभीत जिले में उनकी कोठी का खासा राजनैतिक प्रभाव है। सपा और बसपा प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। पीलीभीत लोकसभा सीट से एक मिथक यह भी जुड़ा हुआ है कि यहां गैर जनपद के व्यक्ति ही सांसद चुने जाते रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार के चुनाव में उतरे 10 प्रत्याशियों में से पांच गैर जनपद से ताल्लुक रखते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए ओम अवस्थी।***

**********

भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहे उस संदेश को गलत बताया है, जिसमें पंद्रह लाख ई.वी.एम. गायब होने का दावा किया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह दावा भ्रामक है। यह भी बताया गया कि एक भी ईवीएम गायब नहीं हुई है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी ईवीएम अनियमितता वाली याचिका को खारिज कर दिया है। आयोग ने कहा है कि विश्वसनीय सूचना के लिए उसकी आधिकारिक वेबसाइट को देखा जा सकता है।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद प्रवर्तन एजेंसियों और उड़न दस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी जैसे अवैध समानों की जब्ती के सम्बन्ध में लगातार कार्रवाई की जा रही है। छः अप्रैल तक एक सौ अट्ठाइस करोड़ बयासलीस लाख रूपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं और नकदी जब्त की जा चुकी है।

**********

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस में युवा और शहरी मतदाताओं की भागीदारी बढाने के लिए सोशल मीडिया पर कई पहल और अभियानों की शुरुआत की है।

आयोग मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने के लिए **टर्निंग–एट्टीन** और **यू आर द वन** अभियानों के माध्यम से आकर्षक विषयों, लोकप्रिय आइकन और जेनजेड सामग्री का उपयोग कर रहा है। **टर्निंग–एट्टीन** अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव में पहली बार वोटर बन रहे युवा मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित और प्रोत्साहित करना है। **यू आर द वन** अभियान का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों के अमूल्य योगदान को स्वीकृति देना है।

**********

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के अन्तर्गत जिन संसदीय क्षेत्रों में चुनाव होना है वहां, निर्वाचन आयोग की तरफ से दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा के तहत घर से वोट डलवाये जा रहे हैं। मुजफ्फरनगर में चुनाव आयोग के निर्देश पर कल लगातार दूसरे दिन दिव्यांगों और बुजुर्गो के घर–घर जाकर वोट डलवाए गए। इस लोकसभा क्षेत्र में पहले दिन दो सौ छत्तीस और दूसरे दिन सतहत्तर लोगों ने वोट डाले। चुनाव आयोग ने ऐसे लोगों को घर से वोट डालने की छूट दी है जो चलने में अक्षम है।

**********

मेरठ में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अरुण गोविल के लिए कल केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक महिला सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लोकतंत्र में और संविधान में विश्वास नही है। स्मृति ईरानी ने भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल को वोट देने की अपील की।

**********

बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने कल बुलंदशहर के खुर्जा और गाजियाबाद के साहिबाबाद में चुनावी जन सभाओं को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बसपा अपने कार्यकर्ताओं के तन मन और धन से चुनाव लड़ती है। आकाश आनंद ने कहा कि प्रदेश में जब बसपा की सरकार थी तब शिक्षा और नौकरी सब कुछ मिलता था।

**********

उन्नाव में आगरा एक्सप्रेस–वे की हवाई पट्टी पर कल लड़ाकू विमानों के साथ मालवाहक विमान की भी सफल लैंडिंग का अभ्यास हुआ। सबसे पहले दो सुखोई विमानों ने हवाई पट्टी पर लैंडिंग की। लैंडिंग के बाद इन विमानों ने डमी मिसाइल लोड करने के बाद उड़ान भरी। बाद में एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर की भी लैंडिंग हुयी।

**********

चैत्र नवरात्र की शुरूआत कल से होने जा रही है। इसे लेकर प्रदेश भर में दुर्गा मंदिरों में तैयारियां अन्तिम चरण में है। मंदिरों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को प्रबंधित करने के लिये पुलिस–प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। नवरात्र के दौरान मिर्जापुर जिले में स्थित विध्यवासिनी धाम तथा बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। चैत्र नवरात्र का समापन रामनवमी के साथ होता है। रामनवमी के अवसर पर इस बार अयोध्या में भगवान राम के प्राकट्य का उत्सव भव्य तरीके से मनाया जायेगा। इसे लेकर कल अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की एक बैठक हुई। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या के नगरीय और ग्रामीण इलाकों में सौ से अधिक स्थानों पर एलईडी के माध्यम से श्रीराम जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। इसके साथ ही पन्द्रह से अट्ठारह अप्रैल के बीच श्रद्धालुओं के लिये रामलला के दर्शन का समय भी बढ़ाया गया है। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार पड़ रही रामनवमी के अवसर पर पचास लाख से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है। इसे देखते हुए ट्रस्ट नें श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह अपने घरों में ही रामनवमी मनायें।

इस बीच, चैत्र रामनवमी मेले को लेकर चौदह अप्रैल से अयोध्या में हाईवे पर अस्थाई बस स्टैंड शुरू हो जाएगा। परिवहन निगम के एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम एक सौ बीस अतिरिक्त बसों का संचलन करेगा।

**********

महान विद्वान और श्री काशी विश्वनाथ के अनन्य साधक स्वामी शिव शंकर चैतन्य भारती का कल वाराणसी में निधन हो गया। वह एक सौ आठ वर्ष के थे। कल रात विश्वनाथ धाम के सामने गंगा नदी में उनकों जल समाधि दी गयी। स्वामी शिव शंकर चैतन्य भारती के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी जी का निधन संत समाज और आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

**********